## राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :– एफ.2(ग)(1)/अलेसे–।/4778 दिनांक :– 12/09/2024

### आदेश संख्या 135/2024–25

श्री अशोक कुमार रांका, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–। (लिंक नं. 4750) तत्कालीन पदस्थापित कार्यालय उपकोषालय, बडीसादड़ी (चित्तौडगढ़) के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उदयपुर रेंज, उदयपुर द्वारा श्री रांका के कार्यालय पंचायत समिति, बडीसादड़ी (चित्तौडगढ़) में कार्यरत अवधि के दौरान हुई वित्तीय अनियमितताओं के लिए पंजीकृत अपराध संख्या 465/2014, अन्तर्गत धारा 13 (1) (सी.) (डी.) सपठित धारा 13 (2), 15 पी.सी.एक्ट 1988 एवं 193, 477ए. व 120बी. भारतीय दण्ड संहिता, के संबंध में इस निदेशालय द्वारा अभियोजन स्वीकृति कमांक 840 दिनांक 04.03.2020 जारी कर कार्मिक (क–3) विभाग के परिपत्र प.2 (157)कार्मिक/क–3/97 दिनांक 07.07.2010 के अनुसरण में श्री अशोक कुमार रांका, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–। कार्यालय उपकोषालय, बडीसादड़ी (चित्तौडगढ़) को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 13 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में निदेशालय के आदेश क्रमांक 841 दिनांक 04.03.2020 के द्वारा श्री अशोक कुमार रांका, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–। को दिनांक 04.03.2020 से निलम्बित किया गया था।

वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर की बैठक कार्यवाही विवरण क्रमांक प.2(3) वित्त/राजस्व/2014 पार्ट दिनांक 26.07.2024 के क्रम में निलम्बन से बहाल किए जाने के निर्णय की अनुपालना में श्री अशोक कुमार राकां, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। को तुरंत प्रभाव से बहाल किया जाकर पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में कार्यालय कोषालय, जोधपुर (शहर) में विभागीय आदेश संख्या 127/2024–25 दिनांक 02.08.2024 को किया गया था।

अतः वित्त विभाग के आदेश क्रमांक प.1(1)साविलेनि/2006 दिनांक 20.06.2019 व प.1(1) वित्त/नियम/2007 दिनांक 02.07.2024 के अनुसरण श्री अशोक कुमार रांका, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। का वेतन निलम्बन से पूर्ववत्त आहरित दर से वर्तमान आदेशों की प्रतीक्षा मुख्यालय कोषालय,(शहर) उदयपुर से अग्रिम आदेशों तक आहरण किए जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांक :– एफ.2(ग)(1)/अलेसे–।/4778 दिनांक :– 12/09/2024

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर
2. संबंधित विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष ........................................
2. श्री ........................................, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।
3. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. निजी सचिव, निदेशक महोदय
5. रक्षित / निजी पत्रावली

(नरेन्द्र सिंह)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक)